रा.ज.स्व.मि. से पू.वि.अ.	257 से 589	61 से 265	114 से 747	50 से 139	71 से 123

विभिन्न स्तरों पर अनुमोदन में लिया गया समय -राज्य सरकार/जिला एवं ब्लाक स्तर पर नोडल अभिकरण- **मेघालय/राजस्थान/ मध्यप्रदेश,** जिला कार्यान्वयन अभिकरणों द्वारा प्रस्तुत उप.प्र. की समीक्षा में लिया गया समय- **झारखण्ड** तथा **उत्तराखण्ड** को निधियॉ जारी करने के लिए कार्यान्वयन अभिकरणों द्वारा अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत न किया जाना।

[1] नि.भा.अ. दिशानिर्देशों के अनुच्छेद 13.2 के अनुसार, रा.ज.स्व.मि. के द्वारा अनुकूल राज्यीय अंश सहित केन्द्रीय अनुदानों को जि.ज.स्व.मिं. को 15 दिनों के भीतर जारी किया जाना था जिन्हें फिर इन निधियों की प्राप्ति के 15 के भीतर इन्हें ग्रा.पं. को अंतरण करना था।

4.6 योजना की निधियों का दुरूपयोग

लेखापरीक्षा में **आन्ध्र प्रदेश, असम, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र एवं ओडीशा** के छः राज्यों में ₹ 2.28 करोड़ की राशि की योजना निधियों के दुरूपयोग के छः पक्के मामलें पाये गये।

असम में, 2006-07 के दौरान असम के बोन्गायगांव जिले में ₹ 1.88 करोड़ की राशि कपटपूर्वक आहरित की गई थी। मामले की जांच के.जां.ब्यू. द्वारा की गई थी जिसने राशि की वसूली के लिए आरोपी व्यक्तियों के प्रति सिविल केस दावा दर्ज करवाने की सलाह दी (फरवरी 2011) थी। परन्तु, जून 2014 तक, राज्य सरकार की अनुमति के अभाव में सिविल दावा दर्ज नहीं किया गया था। परिणामस्वरूप, बोन्गायगांव जिले को 2006-07 से कोई निधि जारी नहीं की गई थी। इस प्रकार, आरोपी व्यक्तियों के प्रति सिविल दावा दर्ज करने में सरकार की ओर से लापरवाही के कारण बोन्गायगांव जिले के लाभार्थी सं.स्व.अ. कार्यक्रम के लाभ से वंचित रहे।

इसके अतिरिक्त, आन्ध्र प्रदेश, झारखंड एवं मणिपुर के तीन राज्यों में ₹ 25.33 करोड़ की राशि के तीन संदिग्ध दुरूपयोग के तीन मामले थे। दुरूपयोग के पुष्टिकृत एवं संदिग्ध मामलों के विवरण **अनुबंध-4.5** में दिया गया है।

4.7 ₹ 364.20 करोड़ की राशि की निधियों का विपथन

योजना के अंतर्गत निधियों के अनुदान की नियम एवं शर्तों में यह निर्धारित था कि निधियों का उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया जाएगा जिसके लिए उन्हें जारी किया जा रहा था तथा इसके किसी भी अंश को विपथित नहीं किया जाना था। 2009-13 की अवधि हेतु मंत्रालय में लेखे की लेखापरीक्षित

विवरणी की संवीक्षा से पता चला कि 13 राज्यों[2] में ₹ 283.12 करोड़ की राशि की योजना निधियों को विपथित कर स्टाफ अग्रिम, पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन, अवकाश वेतन पेंशन अंशदान, वाहन खरीद तथा कार्यालय स्वच्छता जैसे उद्देश्यों के लिए उपयोग किया गया था। निधियों का विपथन कमजोर आंतरिक नियंत्रणों का घोतक था। लेखापरीक्षा में पाए गए निधियों के विपथन के उदाहरणों का विवरण **अनुबंध-4.6** में दिया गया है।

गुजरात, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल के छः राज्यों में ₹ 81.27 करोड़ की राशि को अन्य योजनाओं अर्थात सां.स्था.क्षे.वि.यो. मनरेगस तथा अन्य राज्य प्रायोजित योजनाओं में विपथित किया गया था जिसका विवरण **अनुबंध-4.6** में दिया गया है।

मामला अध्ययन: योजना की निधियों का अप्राधिकृत विपथन

ओडीशा में जि.ज.स्व.मि., जाजपुर में शौचालयों के निर्माण हेतु 25 निजी कॉलेजो को ₹0.12 करोड़ प्रदान किया था, तथा व्यय को प्रभार योजना के घटक 'स्कूल शौचालय' पर प्रभारित किया गया था। चूंकि, योजना में निजी कॉलेजों में शौचालयों के निर्माण के लिए प्रावधान नहीं हैं, निजी कॉलेजों को ₹0.12 करोड़ का भुगतान अनियमित था। जिसके कारण निधियों का अप्राधिकृत विपथन हुआ था।

नि.भा.अ. निधियों का अन्य योजना की तरफ विपथन दर्शाता है कि वा.क.यो. में स्थापित लक्ष्य यथार्थ नहीं थे।

मंत्रालय ने बताया कि यदि निधियों के किसी अन्य योजना विपथन या कार्यक्रम के अंतर्गत किए गए अस्वीकार्य व्यय का कोई मामला लेखे की लेखापरीक्षित विवरणी में सूचित किया जाता था तो मंत्रालय द्वारा राज्यों से धन की वापसी/पुर्नप्राप्ति के प्रयास किए जाते थे।

[2] बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, नागालैंड, पंजाब, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश

4.8 निधियों का अनियमित अंतर-जिला अंतरण

जिले की संस्वीकृत वा.का.यो. के आधार पर योजना के अंतर्गत वित्तपोषण किया जाता है। तदनुसार, जिलो के बीच निधियों के आंतरिक अंतरण को दिशानिर्देशों में परिकल्पित नहीं किया गया था। हालांकि **आन्ध्र प्रदेश, गुजरात, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, पंजाब एवं उत्तर प्रदेश** के छः राज्यों में जिला प्राधिकारियों ने 2009-14 के दौरान ₹ 120.42 करोड़ की निधियों का अंतर-जिला अंतरण किया था। यह दर्शाता है कि राज्यों ने जिलों के बीच निधियों का असमान वितरण किया था। राज्य-वार विवरण **अनुबंध-4.7** में दिए गए हैं।

4.9 ₹ 212.14 करोड़ की निधियों का अवरूद्ध होना

आन्ध्र प्रदेश, असम, गुजरात, जम्मू एवं कश्मीर, केरल, मणिपुर, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र एवं पश्चिम बंगाल के नौ राज्यों में **₹** 212.14 करोड़ की राशि राज्य/जिला/ ब्लॉक/ग्रा.पं. स्तर पर 4 माह से लेकर 29 माह तक की अवधियों के लिए अवरूद्ध/अप्रयुक्त रही जिसका विवरण **अनुबंध 4.8** में दिया गया है।

4.10 कार्यान्वयन अभिकरणों को दिए गए अग्रिमों का समायोजन न किया जाना

आन्ध्र प्रदेश, हरियाणा, झारखंड, केरल, मणिपुर एवं ओडीशा के छः राज्यों में विभिन्न कार्यान्वयन अभिकरणों को भुगतान किए गए ₹ 48.97 करोड़ की राशि के अग्रिमों को समायोजित नहीं किया गया था। यह अग्रिम 16 से 120 माह की अवधियों से बकाया थे। ऐसे अग्रिमों के गलत उपयोग/गैर-वसूली की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। राज्य-वार विवरण **अनुबंध- 4.9** में दिए गए है।

4.11 ₹ 575.18 करोड़ के उपयोगित प्रमाणपत्रों को प्रस्तुत नहीं किया गया

नि.भा.अ. दिशानिर्देशों के पैरा 13.1.3 की शर्तो के अनुसार, रा.ज.स्व.मि. द्वारा पिछले वित्त वर्ष के लेखे की लेखापरीक्षित विवरणियों के साथ उप.प्र. के प्रस्तुतीकरण के पश्चात ही मंत्रालय द्वारा वर्तमान वर्ष के दौरान निधियों की दूसरी किस्त जारी की जानी थी। विभिन्न स्तरों पर कार्यान्वयन अभिकरणों द्वारा ₹ 575.18 करोड़ की राशि के उ.प्र. **असम, बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, झारखण्ड, कर्नाटक, मेघालय, ओडीशा, पुड्डुचेरी, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड एवं पश्चिम बंगाल** के 14 राज्यों में प्रस्तुत नहीं किए गए थे। उ.प्र. प्रस्तुत न किये जाने के राज्य-वार विवरण **अनुबंध 4.10** में दिए गए हैं।

4.12 अतिरिक्त प्रशासनिक प्रभार

दिशानिर्देश[3] प्रशासनिक गतिविधियों के लिए परिव्यय की 5 प्रतिशत (2012-13 से 4 प्रतिशत) तक की राशि का प्रावधान करते हैं। लेखे की लेखापरीक्षित विवरणी की संवीक्षा से पता चला कि 26 मामलों में प्रशासनिक गतिविधियों पर किया गया व्यय निर्धारित सीमा से अधिक था जिसका उल्लेख **अनुबंध-4.11** में किया गया है। अतिरिक्त प्रशासनिक व्यय के तथ्य वार्षिक लेखे में स्पष्ट रूप से दर्शाए गए थे, परन्तु, मंत्रालय ने सूचित तथ्यों को संज्ञान में नहीं लिया । यह आंतरिक नियंत्रणो की कमी को दर्शाता है।

4.13 योजना निधियों का अनुचित लेखाकरण

योजना दिशानिर्देशो[4] के अनुसार, योजना की निधियों को बैंक खाते में रखा जाना था। इस पर उपर्जित ब्याज को योजना संसाधनो के भाग के रूप में

---

[3] के.ग्रा.स्व.का. 2007 दिशानिर्देशों का अनुच्छेद 15 तथा नि.आ.सं. दिशानिर्देशों का अनुच्छेद 5.11

[4] सं.स्व.अ. दिशानिर्देशों का अनुच्छेद 18 तथा नि.मा.अ. दिशानिर्देशों का अनुच्छेद 14.1

माना जाना था। परन्तु, योजना की निधियों का अनुरक्षण योजना दिशानिर्देशों के अनुरूप नहीं था जैसाकि निम्नलिखित अभ्युक्तियों से स्पष्ट है

(i) बहु बैंक खाते तथा अन्य योजना निधियों का एकत्रीकरण

एक बैंक खाते के अनुबंध के उल्लंघन में **आन्ध्र प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, बिहार, गुजरात, झारखंड, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तरप्रदेश एवं पश्चिम बंगाल** के 11 राज्यों में चयनित रा.ज.स्व.मि., जिलों एवं ब्लॉको बहु बैंक खाते (दो से दस तक) में संचालित किए गए थे। योजना निधियों का अन्य केन्द्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं के साथ भी एकत्रीकरण किया गया था। राज्य-वार विवरण **अनुबंध-4.12** में दिए गए है।

मामला अध्ययन: अन्य योजनाओं की निधयों के साथ नि.भा.अ. निधियों का अनुरक्षण

महाराष्ट्र में, योजना की निधियां अन्य योजनाओं की निधियों के साथ अनुरक्षित की गई थीं जिसके परिणामस्वरूप लेखाओं में उन प्राप्तियों एवं भुगतानों का समावेश हो गया था जो योजना से सबंधित नहीं थे। गलत लेखांकन के कारण वर्ष 2009-10, 2010-11 एवं 2011-12 के दौरान क्रमश: 12 जिलों (₹ 17.53 करोड़), नौ जिलो (₹ 11.40 करोड़) तथा छ: जिलों (₹ 9.42 करोड़) में निधियों का नकारात्मक आंरभिक शेष हो गया जो संस्वीकृत अनुदान से अधिक व्यय दर्शाता है।

केरल में, योजना निधियो को ग्रा.पं. की अपनी निधि के साथ रखा जाता था। अत: जब भी ग्रा.पं. की अपनी निधि शून्य हो जाती थी, अन्य व्ययों (योजना से संबधित नहीं) की लागत को पूरा करने के लिए ग्रा.पं. द्वारा जारी चेको का भुगतान स्वत: नि.भा.अ. निधि से होता था। यह दो ग्रा.पं. अर्थात थ्रिसूर जिलें में पुथुक्कड़ तथा पल्लकड़ जिले में अगली में पाया गया था जहाँ 2009-10 तथा 2013-14 के दौरान जलप्रभारों के भुगतान तथा गैर-योजना उद्देश्यों के लिए क्रमश: ₹ 3.19 लाख एवं ₹ 10 लाख की राशि की योजना निधियों का विपथन हुआ था।

इस प्रकार, बहु बैंक खातों के परिचालन तथा अन्य योजनाओं के साथ निधियों के एकत्रीकरण के कारण लेखापरीक्षा में योजना

पूर्व आन्ध्र प्रदेश सरकार ने 2012-13 की पूर्व लेखापरीक्षा रिपोर्ट में नि.म.ले.प. द्वारा इंगित रा.ज.स्व.मि. द्वारा बहु बैंक खातों के परिचालन के प्रति सुधारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया था। तथापि, मामले को सुधारा नहीं गया था जैसाकि बहु लेखाओं के निरंतर अनुरक्षण से स्पष्ट था।

निधियों के उचित उपयोग की नहीं पुष्टि की जा सकी।

(ii) बचत बैंक खाते का गैर-अनुरक्षण

लेखापरीक्षा ने पाया कि छ: राज्यों में, योजना की निधियाँ अपितु दिशानिर्देशों में निर्धारित रूप से बचत बैंक खाते में नहीं रखी गई थीं। बल्कि, निधियों को चालू खाते **(अरूणाचल प्रदेश, जम्मू एंव कश्मीर, नागालैण्ड),** निजी जमा खाते **(राजस्थान)** तथा सिविल जमा **(नागालैण्ड)** में रखा गया था। उसी प्रकार, उत्तर प्रदेश में योजना की निधियां राज्य राजकोषों के माध्यम से प्रचालित की गई जबकि तमिलनाडु में योजना की निधियां वेतन एंव लेखा कार्यालय के माध्यम से प्रदान की गई थीं। निधियों के बचत बैंक खाते में गैर-अनुरक्षण के परिणामस्वरूप ₹ 122 लाख तक की राशि के ब्याज की हानि के अतिरिक्त 10 से लेकर 365 दिनों तक कार्यान्वयन अभिकरणों को निधियों की उपलब्धता विलंबित हुई थी। राज्य-वार विवरण **अनुबंध-4.12** में दिए गए हैं।

(iii) ब्याज घटक का लेखांकन न किया जाना

नि.भा.अ. दिशानिर्देशों के पैरा 14.1 के अनुसार, नि.भा.अ. निधियों पर उपर्जित ब्याज को नि.भा.अ. संसाधनों के रूप में माना जाएगा। तथा **आन्ध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एंव कश्मीर, झारखंण्ड, मणिपुर, मेघालय, मध्यप्रदेश, नागालैण्ड, पंजाब, राजस्थान एंव उत्तर प्रदेश** के 11 राज्यों में यह पाया गया कि योजना निधियों पर उपार्जित **₹** 5.58 करोड़ को ब्याज को हिसाब में नहीं लिया गया था। राज्य विशिष्ट अभ्युक्तियों का विवरण विस्तारपूर्वक **अनुबंध 4.12** में दिया गया है।

4.14 आंकड़ों में विसंगतियाँ

योजना दिशानिर्देशों[5] के अनुसार रा.ज.स्व.मि. द्वारा लेखाओं की लेखापरीक्षित विवरणी (ले.ले.वि.)[6] के साथ निर्धारित प्रारूप में उपयोगिता प्रमाणपत्र मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने थे। मॉनीटरिंग उद्देश्य[7] हेतु मंत्रालय द्वारा विकसित समेकित प्रबंधन सूचना प्रणाली (स.प्र.सू.प्र.) नामक ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से वित्तीय एंव भौतिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करना भी उनसे अपेक्षित था। तथापि, 2009-13 की अवधि के लिए उ.प्र., ले.ले.वि. तथा स.प्र.सू.प्र. में डाटा की संवीक्षा से 19 राज्यों के इन आधारभूत अभिलेखों में दर्शायें गए आंकड़ो में कई विसंगतियों का पता चला जैसा कि नीचे उल्लिखित है :

i. 52 मामलों में, एक ही वित्त वर्ष के उ.प्र., ले.ले.वि. एंव स.प्र.सू.प्र. में दर्शाए गए प्रारंभिक एंव अंतशेष मेल नहीं खाते थे **(अनुबंध-4.13)**।

ii. 58 मामलों में, एक ही वित्त वर्ष के उ.प्र., ले.ले.वि. एंव स.प्र.सू.प्र. में दर्शाए गए व्यय के आंकड़े मेल नहीं खाते थे (अनुबंध 4.14)

iii. 59 मामलों में, एक ही वित्त वर्ष के उ.प्र., ले.ले.वि. एंव स.प्र.सू.प्र. में दर्शाए गए ब्याज के आंकड़े मेल नहीं खाते थे (अनुबंध-4.15)।

तीन आधारभूत लेखांकन अभिलेखों में योजना के आंकड़ों में विसंगतियां जो सही तरीके से दर्ज किये जाने पर मेल खानी चाहिए थी, का समाधान नहीं किया गया था। यह मंत्रालय के भीतर कमजोर आंतरिक नियंत्रण को दर्शाता है। ऐसी परिस्थिति में, जारी की गई निधियों की वास्तविक राशि, किया गया

---

5 नि.भा.अ. दिशानिर्देशों का पैरा 13.1.13

6 नि.मा.अ. दिशानर्देशों का पैरा 22

7 नि.भा.अ. दिशानिर्देशों का पैरा 19

व्यय, अर्जित ब्याज तथा राज्यों के पास शेष अव्ययित ब्याज को लेखापरीक्षा में सही यथार्थत: सुनिश्चित नहीं किया जा सका।

मंत्रालय ने बताया कि उ.प्र,ले.ले.वि. तथा स.सू.प्र.प्र. में सूचित आंकड़ो का पुनर्मिलान, मंत्रालय में एक निरंतर प्रक्रिया थी तथा राज्यों को विसंगतियों के बारे में बता दिया जाता था और कोई विसंगतियां पाये जाने पर स्पष्टीकरण मांग लिए जाते थे। यह भी बताया गया कि स.सू.प्र.प्र. के आंकड़े मोटे अनुमान थे तथा ले.ले.वि. में दिए गए आंकड़ो को अंतिम माना जाता था।

मंत्रालय के उत्तर को इस तथ्य के परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए कि स.सू.प्र.प्र. को एक ऑनलाइन मॉनीटरिंग प्रणाली के रूप में विकसित किया गया था जिसके माध्यम से परियोजना जिलों द्वारा भौतिक एंव वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत करना अपेक्षित था। अत: स.सू.प्र.प्र. आंकड़ों को केवल मोटे अनुमानों के रूप में नहीं माना जा सकता।

4.15 लेखाओं की लेखापरीक्षा में विलंब

रा.ज.स्व.मि. द्वारा वित्त वर्ष के अंत के छ: माह के भीतर चार्टड अकाउंटेट द्वारा लेखाओं की लेखापरीक्षा सुनिश्चित करना तथा अगले वर्ष की दूसरी किस्त के निर्गम से पूर्व मंत्रालय को ले.ले.वि. प्रस्तुत करना अपेक्षित[8] था। तथापि, यह पाया गया कि रा.ज.स्व.मि. द्वारा लेखाओं की सामायिक लेखापरीक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकी जिसके कारण मंत्रालय को ले.ले.वि. प्रस्तुत करने में विलंब हुआ था। ले.ले.वि. को देर से प्रस्तुत करने के कारण अगली किस्त जारी नहीं की जा सकी या वित्त वर्ष के अंत में निधियों का विलंबित निर्गम किया गया जिसे **अनुबंध 4.16** में दर्शाया गया है।

[8] नि.मा.अ.के दिशानिर्देशों के पैरा 13.1.13 के साथ पठित पैरा 22

4.16 लेखापरीक्षक की अभ्युक्तियों का प्रस्तुतीकरण न किया जाना

रा.ज.स्व.मि. से अपेक्षित[9] था कि वह ले.ले.वि. के साथ मंत्रालय को लेखापरीक्षक की अभ्युक्तियां प्रस्तुत करें। यह पाया गया कि लेखापरीक्षक की अभ्युक्तियों को रा.ज.स्व.मि. द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जा रहा था। लेखापरीक्षा अवधि के दौरान प्राप्त होने वाली 19 राज्यों से संबंधित प्राप्त होने वाली 95 अभ्युक्तियों में से केवल छः अभ्युक्तियां ही मंत्रालय द्वारा प्राप्त की गई थी। नियंत्रण तंत्र की प्रभाविता से समझौता किया गया जिसके कारण लेखापरीक्षा रिपोर्टिंग अधूरी सिद्ध हो गई। विवरण **अनुबंध-4.17** में दिए गए है।

4.17 विविध अभ्युक्तियां

(i) योजना की निधियों से अनियमित कटौती

मणिपुर में, मार्च 2013 एंव मार्च 2014 के दौरान नमूना चयनित में सरकार ने जि.ज.स्व.मि. के पक्ष में राज्यीय अनुकूल हिस्सेदारी के रूप में ₹ 1.77 करोड़ की राशि जारी की थी। परन्तु, यह पाया गया था कि वैट (₹ 8.38 करोड़) विभागीय प्रभार (₹ 0.18 करोड़) तथा श्रम उपकर (₹ 1.50 लाख) के प्रति ₹ 0.27 करोड़ राशि की कटौती की गई थी जो कि दिशानिर्देशों के अनुसार स्वीकार्य नहीं थी। उसी प्रकार, **नागालैण्ड** में, राज्य अंश में से, वित्त विभाग ने 2011-12 के दौरान कार्य प्रभारित घटक के रूप में ₹ 0.21 करोड़ की राशि की कटौती की थी जो कि अनियमित थी।

[9] नि.भा.अ. दिशानिर्देशों के अतंर्गत समेकित लेखापरीक्षा रिपोर्ट के अनुबंध -11 (एफ.) में लेखापरीक्षक की अभ्युक्तियां

(ii) संवर्द्धित परियोजना लागत

मिजोरम में, मानदंडो के आधार पर ₹ 20.13 करोड़ की वास्तविक परियोजना लागत के प्रति रा.यो.स्वी.स.ने 2009-14 के दौरान राज्य में सूं.स्व.अ./नि.भा.अ. योजना के कार्यान्वयन हेतु ₹ 26.99 करोड़ आवंटित किए थे जिसके कारण ₹ 6.87 करोड़ का अतिरिक्त आवंटन हुआ था। संस्वीकृत मानदड़ों से अधिक निधियों को अतिरिक्त आवंटन में निधियों के गलत उपयोग का जोखिम रहता है। इसी प्रकार, रा.यो.स्वी.स. द्वारा संस्वीकृत 1038 शौचालयों में से चंफई तथा लंगलेई के दो जिलों में स.शि.अ. द्वारा चलाए जा रहे स्कूलों में 61 शौचालयों तथा निजीं स्कूलों में 249 शौचालयों का निर्माण किया जाना था जबकि सं.स्व.अ./नि.भा.अ. दिशानिर्देश निजी एंव रा.शि.अ. द्वारा चलाए जा रहे स्कूलों में शौचालयों के निर्माण की अनुमति नहीं देते। अत:, वा.का.यो[10] में 310 निजी/रा.शि.अ. चलित स्कूलों के अनियमित समावेश के कारण स्कूल के शौचालयों की संख्या संवर्धित हुई जिसके कारण परियोजना के कुल आवंटन में ₹ 119.35 लाख (₹ 38,500[11]× 310) की वृद्धि हुई । पश्चिम बंगाल में, जलंगी एंव रानीनगर-11 पं.स. ने 2012-13 के दौरान आंगनवाड़ी/स.बा.वि.से.यो. केन्द्रों के लैट्रीन/शौचालय निर्माण हेतु अनुमानों में सामग्री के अधिक प्रापण के प्रति विर्निदिष्ट से अधिक दर स्वीकृत करके ग्रा.स्व.वा. को ₹ 0.14 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान किया ।

---

[10] आधारभूत पुर्नसर्वेक्षण, 2009 के अनुसार

[11] शौचालय की इकाई लागत

(iii) परिवारों को प्रोत्साहन का दुगना भुगतान

चार राज्यों के दस चयनित जिलों में, 149 परिवारों को ₹ 4.66 लाख का दुगना प्रोत्साहन प्रदान किया गया । विवरण नीचे तालिका 4.1 में दिए गए है:

तालिका-4.1: परिवारों को दुगुना प्रोत्साहन

क्र.सं.	राज्य	जिले	परिवारों की संख्या	राशि (₹ लाख में)	टिप्पणी
1.	हरियाणा	3	83	3.10	परिवारों के ग्राम-वार बही-खातों के गैर-अनुरक्षण के कारण दुगना भुगतान
2.	कर्नाटक	2	56	1.81	पहले से ही शौचालय होने के बावजूद प्रोत्साहन प्रदान किए गए थे।
3.	त्रिपुरा	2	9	0.95	दो बार प्रोत्साहन दिए गए थे।
4.	पश्चिम बंगाल	3	40	-	40 परिवारों को व्य.ध.शौ. का दुगना लाभ दिया गया था।
योग		**10**	**149**	**4.66**	

[स्रोत: नमूना परियोजना जिलों के अभिलेखों से एकत्रित डाटा]

अनुशंसा:

- **मंत्रालय/राज्य सरकारें को निर्धारित समय सीमा तक निर्मल भारत बनाने के लिए वा.का.यो. को तैयार करने की शुचिता बनाए रखने हेतु निधि सहभाजन वचनबद्धता पूरी करें।**
- **मंत्रालय, कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा प्रतिवेदित वित्त के आंकड़े एवं भौतिक प्रगति के मिलान के लिए तंत्र रखे एवं विकास करें।**

अध्याय-5 सूचना, शिक्षा एवं संचार (सू.शि.सं.)

5.1 सू.शि.सं. गतिविधियों का महत्व

निर्मल[1] स्थिति को प्राप्त करने एवं महत्वपूर्ण रूप से इसे बनाए रखने के लिए यह अति आवश्यक है कि हर व्यक्ति एवं परिवार अलग शौचालयों के होने एवं अन्य अच्छी स्वच्छता अभ्यासों के लाभों को समझें। सामुदायिक स्तर पर व्यावहारिक बदलावों की मांग करने एवं बढ़ावा देने की प्रमुख आवश्यकता के साथ, यू.स्व.अ./नि.भा.अ. दिशानिर्देशों में ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के लिए सूचना, शिक्षा एवं संचार (सू.शि.सं.) को प्रमुख घटक के रूप में शामिल किया गया था। सुरक्षित स्वच्छता, मांग सृजन, उपयोगिता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा स्थिरता के लिंक के विभिन्न पहलुओं पर व्यवहार में बदलाव लाने में सू.शि.सं. अति महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

इनका अभिप्राय परिवारों, विद्यालयों, आंगनवाड़ियों तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसरों हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की सुविधाओं के लिए मांग का सृजन करना है। इस घटक के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों को क्षेत्र-विशिष्ट होनी चाहिए तथा क्षेत्र के निवासियों को इस रूप से शामिल किया जाना चाहिए कि लोगों में शौचालयों का निर्माण करने की इच्छा जागृत हो।

5.2 निधियों की उपयोगिता

2009-10 से 2013-14 के दौरान केन्दीय एवं राज्य स्तर पर सू.शि.सं. गतिविधियों में निधियों की उपयोगिता नीचे तालिका-5.1 में दी गई है-

[1] निर्मल- खुले में मलत्याग का नहीं होना तथा स्वच्छ

तालिका-5.1: निधियों की उपयोगिता (₹ लाख में)

वर्ष	व्यय		
	केन्द्र स्तर	राज्य स्तर	कुल
2009-10	1110.97	11485.39	12596.36
2010-11	499.97	11512.97	12012.94
2011-12	812.02	10948.25	11760.27
2012-13	3300.00	12581.44	15881.44
2013-14	5771.41	20837.77	26609.18
कुल	11494.37	67365.82	78860.19

[स्रोत: पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय]

5.2.1 निधियों का विपथन

मंत्रालय ने 'एन.जी.पी. समारोह हेतु विज्ञापन' (₹ 2.50 करोड़), 'स्मृति चिन्ह' का क्रय' (₹ 2.00 करोड़), 'सर्वेक्षण अभिकरण' (₹ 0.94 करोड़), 'इवेंट मैनेजमेंट' (₹ 0.42 करोड़), 'खानपान प्रभार' (₹ 9.74 लाख), 'किराए पर वाहन लेना' (₹ 8.37 लाख) तथा 'विज्ञान भवन की बुकिंग समेत अन्य प्रभार' (₹ 0.20 करोड़) (विवरण अनुबंध-5.1 में दिए गए हैं)। जैसे कुछ मदों पर व्यय दर्ज किया था, जो योजना के सू.शि.सं. शीर्ष के अंतर्गत कु.स्व.अ./नि.भा.अ. योजना के सू.शि.सं. घटक से संबंधित नहीं थे परिणामस्वरूप, वर्षों 2009-10 से 2011-12 के दौरान कुल सू.शि.सं. व्यय का 25 प्रतिशत सू.शि.सं. से संबंध न रखने वाली गतिविधियों पर किया गया था।

5.2.2 राज्य स्तर पर निधियों की उपयोगिता में अनियमितताएं

विभिन्न राज्यों में फील्ड लेखापरीक्षा के दौरान ₹ 8.40 करोड़ की राशि के सू.शि.सं. निधियों के उपयोग में विपथन, गैर-उपयोगिता, अपव्यय, निष्फल उपयोग या अनियमितताएं पाई गयी थीं। विवरण अनुबंध- 5.2 में दिए गए है।

मामला अध्ययन: उत्तर प्रदेश के कौसाम्बी जिले द्वारा सू.शि.सं. गतिविधियां	
डी.एस.एम कौसाम्बी ने निम्नलिखित अनियमितताओं के साथ 2013-14 के दौरान विभिन्न सू.शि.सं. गतिविधियों पर ₹ 2.49 करोड़ का व्यय किया था:	
एक बार सू.शि.सं.	सभी स्तर पर, अर्थात् जिला, ब्लॉक एवं ग्रा.पं. स्तरों पर प्रत्येक वर्ष में गतिविधियों को संचालित करने की बजाय, 2013-14 की अवधि में व्यय हेतु ₹ 3.77 करोड़ की स्वीकार्य राशि के प्रति 2013-14 के दौरान डी.एस.एम ने जिले की 440 ग्रा.पं. में सू.शि.सं. गतिविधियों पर ₹ 2.49 करोड़ का व्यय किया था।
सू.शि.सं. योजना के आधिक्य में व्यय	2013-14 के दौरान सू.शि.सं. व्यय हेतु स्वीकार्य वार्षिक योजना परिव्यय (₹ 8.20 करोड़) के 10 प्रतिशत (₹ 0.82 करोड़) के प्रति, जिले ने ₹ 2.49 करोड़ का व्यय किया जोकि ₹ 1.67 करोड़ अधिक था।
अधिक/संदिग्ध व्यय	1775 आंगनवाड़ियों के मदर ग्रुपों की क्षमता विकास पर डी.एस.एम. नें ₹ 036 करोड़ का व्यय किया जबकि आधारभूत सर्वेक्षण के अनुसार जिले में केवल 968 आगनवाड़ियां थीं। इसके कारण, 807 आंगनवाडी केन्द्रों पर ₹ 0.12 करोड़ तक का अधिक एवं संदिग्ध व्यय हुआ था।
दोगुने भुगतान	440 ग्रा.प. में, केवल एक बार नुक्कड़ नाटक संचालित किया गया था। परंतु उसके लिए अलग प्रमाणपत्र न होने पर भी एक ग्रा.पं. में दो नुक्कड़ नाटकों के लिए भुगतान किया गया था। संलग्न फोटोग्राफों की प्रति में कई तरफ से एक ही नाटक की फोटोग्राफों को दर्शाया गया था, जो दोगुने भुगतान की संभावना को दर्शाता है।
ग्रा.ज.स्व.स./ ग्रा.स्वा.स्व.स. की बैठकों के लिए भुगतान	जिले के ग्रा.ज.स्व.स. तथा ग्रा.स्वा.स्व.स. की बैठकों हेतु ₹ 0.48 करोड़ का भुगतान (प्रति बैठक ₹ 5400) किया गया था। दोनो समितियों की बैठकें ग्रा.पं. में उसी दिन हुई थी परंतु भुगतान दो बैठकों के लिए किया गया था। इस प्रकार, आधी राशि (₹ 0.24 करोड़) छोड़ी जानी चाहिए थी। हालांकि, सू.शि.सं. हेतु अधिकतम स्वीकार्य राशि ₹ 0.16 करोड़ थी।
सकल प्रक्रियात्मक अनियमितताएं	• ₹ 2.49 करोड़ वाले निविदा नोटिस जिसका विज्ञापन राष्ट्रीय एवं स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में दिया जाना था, उसे दो स्थानीय समाचार पत्रों में 30 एवं 31 जनवरी 2014 को प्रकाशित किया गया था जिसके कारण निर्धारित एक माह की बजाय निविदाओं को प्रस्तुत करने के लिए केवल 5 दिनों का समय मिला था। • बिना कारणों को बताए निविदा नोटिस में निर्धारित तीन वर्षों' की बजाय न्यूनतम 13 वर्षो के अनुभव की शर्त डाल दी गई थी। इसके कारण मैसर्ज जरुरतमंद ग्रामीण समाज का कल्याण एवं चित्रण,

लखनऊ को छोड़कर सभी बोलीदाता अयोग्य ठहराए गए और उनकी अकेले की बोली स्वीकार कर ली गई थी।

- समझौते के दिन ₹ 1.00 करोड़ का अग्रिम संस्वीकृत एवं प्रदान किया गया था जबकि ऐसा कोई प्रावधान नहीं था।
- नियमों के अनुसार अपेक्षित ₹ 0.25 करोड़ की निष्पादन सुरक्षा (भुगतानो का 10 प्रतिशत) ठेकेदार से नहीं ली गई थी।

5.3 उद्देश्यों की प्राप्ति न होना

मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार, 30 राज्यों/सं.शा.क्षे. में 517 जिलों ने वर्ष 2013-14 के दौरान सू.शि.सं. के अंतर्गत 54.16 लाख गतिविधियों को निष्पादित करने की योजना बनाई थी, जिसमें से वह वास्तव में केवल 17.11 लाख (31.60 प्रतिशत) को संचालित कर पाए थे जैसाकि अनुबंध 5.3 में दिया गया है।

उत्तराखंड (77.62 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (46.95 प्रतिशत) एवं महाराष्ट्र (39.97 प्रतिशत) को छोड़कर अन्य राज्यों में सू.शि.सं. गतिविधिया में निराशाजनक स्थिति में थी क्योंकि उपलब्धि स्तर अखिल-भारतीय औसत (31.60 प्रतिशत) से काफी नीचे था शून्य से लेकर 28 प्रतिशत तक था। इसके अतिरिक्त, ₹ 872.62 करोड़ के प्रस्ताव के प्रति, वास्तविक व्यय केवल ₹ 52.17 करोड़ (5.98 प्रतिशत) था। उत्तराखंड में, वास्तविक व्यय बजट का 64 प्रतिशत था परन्तु अन्य राज्यों/सं.शा.क्षे.में यह शून्य से लेकर 25.33 प्रतिशत तक था। 2009-10 से 2013-14 के दौरान कुछ राज्यों में निधियों की उपलब्धता की तुलना में उपयोगिता के विवरण अनुबंध-5.4 में दिए गए हैं।

2009-10 से 2012-13 के दौरान विभिन्न राज्यों/सं.शा.क्षे. द्वारा योजनाबध्द एवं निष्पादित गतिविधियों के विवरण मंत्रालय के पास उपलब्ध नहीं थे।

इसके अतिरिक्त, स.प्र.सू.प्र. पर वर्ष 2013-14 के लिए सू.शि.सं. गतिविधियों के विवरणों की उपलब्धि के बावजूद यह सूचित किया गया था कि सू.शि.सं. गतिविधियों की उपलब्धि को मंत्रालय के कार्यक्रम प्रभाग में अनुरक्षित नहीं किया गया था।

ऐसे विवरणों की गैर-उपलब्धता एवं गैर-अनुरक्षण स्पष्ट रूप से यह दर्शाता है कि मंत्रालय सू.शि.सं. गतिविधियों को उचित प्राथमिकता नहीं दे रहा था।

5.4 सू.शि.सं. हेतु वार्षिक कार्रवाई योजना को तैयार न किया जाना

मंत्रालय ने 2009-10 से 2013-14 के दौरान सू.शि.सं. के अंतर्गत ₹ 115.07 करोड़ का बजट आवंटित किया था। यद्यपि उसने इस राशि के उपयोग हेतु कोई सू.शि.सं./ संचार माध्यम योजना तैयार नहीं की थी। यह नोट किया गया था कि मंत्रालय भा.रा.च.वि.नि., वि.द्द.प्र.नि. एवं प्रसार भारती जैसे अभिकरणों से संचार माध्यम योजनाएं आमंत्रित कर रहा था तथा मंत्रालय में काफी विचार-विमर्श के पश्चात् यह योजनाएं संस्वीकृत की गई थीं। उसी प्रकार, विभिन्न राज्यों[2] में नमूना परीक्षित परियोजना जिले में भी निर्धारित सू.शि.सं. वार्षिक कार्रवाई योजना का निर्माण करने में विफल रहे जिसके कारणवश घटक के कार्यान्वयन काम चलाऊ स्तर पर रहा।

5.5 अन्य विसंगतियां

5.5.1 प्रेरकों को कार्य पर न रखा जाना

सामाजिक भागीदारी को संगठित करने के साथ ग्राम स्तर पर संचार मशीनरी को सुदृढ़ करने के लिए दिशानिर्देश स्वच्छता दूत नामक ग्राम स्तरीय प्रेरकों

[2] आन्ध्र प्रदेश (चित्तौर, खम्माम एवं श्रीकाकुलम), अरुणाचल प्रदेश, असम (प्रत्येक वर्ष तैयार नहीं किया गया), गुजरात (2009-10), हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, मणिपुर, मिजोरम (2009-11), ओडीशा (2009-11), पंजाब, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश (2009-10 से 2011-12), उत्तराखंड एवं पश्चिम बंगाल (पूर्व मेदिनीपुर, उत्तर दिनाजपुर एवं जलपाईगुड़ी)

को कार्य पर लगाए जाना निर्धारित करते हैं। स्वच्छता दूतों के अलावा, भारत निर्माण स्वयंसेवकों, आशा (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता), आंगनवाड़ी कर्मचारी, विद्यालय के अध्यापकों आदि को भी मांग सृजन तथा व्यवहार बदलाव संचार की शुरूआत करने के लिए कार्यरत किया जा सकता है।

लेखापरीक्षा के दौरान यह पाया गया कि 16 राज्यों[3] में घर-घर जाकर बातचीत करने तथा पारस्परिक संचार हेतु नमूना परीक्षित ग्रा.पं. में स्वच्छता दूत या अन्य प्रेरक कार्यरत नहीं थे।

5.5.2 सू.शि.सं. कर्मियों को प्रशिक्षण

केन्द्र, राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तरों पर सू.शि.सं. कर्मियों को स्वास्थ्य के निवारक एवं उपचारात्मक पहलूओं के बार में जनता में जागरूकता बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक था। इसके अतिरिक्त, यह भी वांछित था कि सू.शि.सं. गतिविधियों में ग्रामीण समुदायों, सामान्य जनता, विद्यालयों में बच्चों को भी स्वच्छता की शिक्षा प्रदान किया जाना शामिल था।

लेखापरीक्षा के दौरान, यह पाया गया था कि नौ राज्यों[4] में सू.शि.सं. कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया था।

इसके अतिरिक्त, आन्ध्र प्रदेश (तेलंगाना समेत) के अदीलाबाद, चित्तौड़, खम्माम एवं श्रीकाकुलम जिलों, बिहार, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, केरल, मणिपुर, राजस्थान (90 प्रतिशत), उत्तराखंड (पौड़ी को छोड़कर) तथा पश्चिम

---

[3] आन्ध्र प्रदेश (तेलंगाना समेत), अरूणाचल प्रदेश, असम, बिहार, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र (80 ग्रा.पं. में से 33), मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैण्ड, ओडीशा, पंजाब, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल (बर्द्धमान को छोड़कर)

[4] असम, जम्मू एवं कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल

बंगाल (जलपाईगुड़ी एवं उत्तर दीनजपुर) में स्कूल के शिक्षकों को प्रशिक्षित नहीं किया गया था। जहां तक आंगनवाड़ी कर्मचारियों को स्वच्छता पर प्रशिक्षण देने की बात है तो आन्ध्र प्रदेश के चित्तौड़ एवं खम्माम जिलों, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, मणिपुर, मेघालय (पूर्वी गारो हिल्स), पंजाब, उत्तराखंड एवं पश्चिम बंगाल (उत्तर दिनजपुर एवं जलपाईगुड़ी) में कोई प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया था।

5.5.3 लोकसभा टी.वी. पर सू.शि.सं. अभियान

अप्रैल 2012 में तथा फिर से जून 2013 में लोकसभा टेलिवजन (लो.स.टी.वी.) ने मंत्रालय के प्रचार/जागरूकता अभियान के लिए लो.स.टी.वी. पर विचार करने के लिए मंत्रालय के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। अपने प्रस्ताव में, लो.स.टी.वी. ने बताया कि सम्पूर्ण भारत में कई स्थापित चैनलों से अधिक इस चैनल की काफी अधिक पहुँच थी तथा टाईम्स नाउ, एन.डी.टी.वी 24X7, एन.डी.टी.वी. प्रोफिट, सी.एन.बी.सी. टी.वी 18 तथा हेडलाइन्स टुडे जैसे अंग्रेजी भाषा के चैनलों से अपनी रेटिंग की तुलना की।

मंत्रालय ने नोट किया कि लो.स.टी.वी. के माध्यम से प्रसारण ने अधिक श्रोतागण के साथ सू.शि.सं. अभियान का देशभर में व्यापक प्रसारण-क्षेत्र सुनिश्चित किया था तथा 180 दिनों की अवधि हेतु प्रत्येक दिन 40 स्पॉटों के साथ 30 सैकेंड के विज्ञापन स्पॉट के साथ कार्यक्रम की शुरूआत करने का प्रस्ताव रखा। हालांकि, यह उसी प्रकार से स्थित अधिक रेटिंग वाले हिन्दी भाषा के चैनलों से रेटिंग की तुलना करने में विफल रहा। लेखापरीक्षा ने पाया कि मंत्रालय के सचिव ने भी मई 2012 में लो.स.टी.वी. के दर्शकों की संख्या पर सवाल उठाया था तथा यह पाया कि मंत्रालय को प्रसारण के लिए ग्रामीण

जनता पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत थी जो लो.स.टी.वी. पर संभव नहीं था। उत्तर में यह बताया गया था कि लो.स.टी.वी के पास राजनीतिक वर्ग समेत दर्शकों की काफी संख्या थी जो स्वच्छता कार्यक्रम को चलाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण थे।

लेखापरीक्षा द्वारा आवृत्त अवधि के दौरान मंत्रालय ने लो.स.टी.वी. को ₹ 2.90 करोड़ जारी किए थे परंतु इस संदर्भ में विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार तथा सचिव की टिप्पणियों के बावजूद लो.स.टी.वी. अभियान के प्रभाव मूल्यांकन पर कोई असर नहीं पड़ा।

5.6 सू.शि.सं. की प्रभावकारिता का मूल्यांकन

योजना का दिशानिर्देश संचार सामग्री के आवधिक मूल्यांकन तथा गुणवत्ता एवं मात्रा में संचार गतिविधियों की प्रभावकारिता का आकलन करने के लिए पक्षेतर अभिकरण के माध्यम से विभिन्न सू.शि.सं. गतिविधियों के प्रभाव मूल्यांकन को संचालित करने का प्रबन्ध करता है।

इसके अतिरिक्त, स्वच्छता एवं सफाई: समर्थन एवं संचार कार्यनीति ढांचा 2012-17 के अनुसार, स्वच्छता एवं स्वास्थ्यकर समर्थन एवं संचार कार्यनीति की मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन हेतु यह प्रणाली महत्तवपूर्ण है ताकि आवश्यकतानुसार संशोधन किए जा सके। समर्थन प्रयासों के मार्गदर्शन तथा स्वच्छता के मुद्दो पर बातचीत को बढ़ावा देने के प्रति प्रगति का आकलन करने के लिए गुणात्मक विश्लेषण को कार्यान्वित किया जाना था। समर्थन की पहल तथा अभियानों को मापने एवं मॉनीटरिंग प्रगति के लिए सहमत संकेतकों के साथ संयुक्त रूप से विकसित किए जाने की आवश्यकता थी।

इसके अतिरिक्त, ग्याहरवें पंचवर्षीय योजना (2007-2012) के अपने मध्यावधि मूल्यांकन में योजना आयोग ने योजना के अंतर्गत सू.शि.सं. गतिविधियों के कार्यान्वयन पर गंभीरता से टिप्पणी की थी। यह भी देखा गया था कि सू.शि.सं. गतिविधियों को सामुदायिक स्तर पर आवश्यक जागरूकता के सृजन के प्रयास के बिना ही कार्यान्वित किया गया था। इन गतिविधियों की शुरूआत निधि के उपयोग के क्रियाकलाप के रूप में सामान्य प्रशासनिक तरीके से की गई थी, न कि जागरूकता सृजन एवं मांग सृजन प्रक्रियाओं से संगठित रूप से संबध्द थी। यह भी नोट किया गया था कि पर्याप्त संसाधनों की उपलब्धता के बावजूद सू.शि.सं. गतिविधियां प्रभावी नहीं थी।

2010 के सू.शि.सं. दिशानिर्देशों में प्रावधान के बावजूद कार्यनीति ढ़ांचा 2012-17 में मॉनीटरिंग उपकरणों की आवश्यकता तथा मध्यावधि मूल्यांकन में योजना आयोग की अभ्युक्तियों की आवश्यकता के बावजूद मंत्रालय ने योजना पर सू.शि.सं. की प्रभावकारिता के मूल्यांकन हेतु किसी प्रकार का मूल्यांकन कराने का प्रयास नहीं किया था। उसी प्रकार, 10 राज्यों[5] में कोई मूल्यांकन अध्ययन नहीं किया गया था।

कार्यनीति ढ़ांचे में निर्धारित मॉनीटरिंग उपकरणों को भी विकसित नहीं किया गया तथा समर्थन एवं संचार घटकों के प्रभाव तथा कार्यान्वयन की देख-रेख के लिए उपयोग में नहीं लाया गया था।

निष्कर्षत: हम यह कह सकते हैं कि सं.स्व.अ/नि.भा.अ. एक मांग आधारित योजना है जिसके लिए सू.शि.सं. काफी महत्वपूर्ण है। हमने पाया कि सू.शि.सं. को उचित महत्व नहीं दिया गया था। सू.शि.सं. गतिविधियों को योजना के

[5] असम, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, ओडीशा, पंजाब एवं पश्चिम बंगाल

लिए सामरिक महत्व के रूप में न लेकर अपितु निधि उपयोग हेतु प्रशासनिक क्रियाकलाप के रूप में लिया गया था। सू.शि.सं. गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु संचित निधियों को अन्य उद्देश्यों के लिए विपथित किया गया था। प्रेरक (स्वच्छता दूतों) जो ग्राम स्तर पर व्यवहार बदलाव संचार द्वारा मांग सृजन करने में मदद कर सकते थे, उनकी कई राज्यों में नियुक्ति नहीं की गई थी। पिछले पांच वर्षों के दौरान ₹ 788.60 करोड़ के व्यय के बावजूद, मंत्रालय भी अपने सू.शि.सं. अभियान का आकलन करने में विफल रहा था।

अनुशंसा:

- **स्वस्थ जीवन हेतु स्वच्छता के महत्व तथा महिलाओं की स्मिता के बारे में जागरूकता सृजित करने के लिए आधार स्तर को लक्षित करते हुए सू.शि.सं. गतिविधियों को आयोजित किया जाना चाहिए ताकि लोग शौचालय का निर्माण एवं उपयोग निरंतर रूप से करें।**

अध्याय-6 अभिसरण

6.1 अभिसरण – एक सामरिक नीति के रूप में

अभिसरण एक सामरिक नीति है जिससे संबंधित सरकारी कार्यक्रमों के सहयोग से समुचित परिणाम सुनिश्चित किया जाता है। सं.स्व.अ./ नि.भा.अ. के दिशानिर्देशों में इसका अभिसरण दूसरे विभागों के अलावा, कार्यक्रम स्तर पर एक या साझा लक्ष्य समूह के आधार पर म.गां.रा.ग्रा.रो.गा.यो., इं.आ.यो., स.बा.वि.से.यो., सां.स्था.क्षे.वि.यो. आदि के साथ किए जाने का उल्लेख था।



ऐसा अनुबंधित है कि सं.स्व.अ./नि.भा.अ. में निधियों की कमियों को दूसरी योजनाओं से समन्वित करके पूरा किया जाएगा। आगामी पैराओं में अन्य योजनाओं के साथ अभिसरण की स्थिति की चर्चा की गई है।

6.2 अन्य विभागों के साथ अभिसरण

योजना के दिशानिर्देशों में विचारित है कि योजना के बेहतर कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय योजना मंजूरीदाता समिति (रा.यो.मं.स.) का गठन किया जाएगा, विभिन्न पण-धारियों जैसे राज्य, प्राथमिक शिक्षा विभाग

(प्रा.शि.वि.), राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (रा.ग्रा.स्वा.मि.), महिला एवं बाल विकास (म.बा.वि.) मंत्रालय तथा ग्रामीण स्वच्छता क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

सं.स्व.अ./नि.भा.अ. तथा इं.आ.यो. के अन्तर्गत आने वाले कर्मचारियों के लिए संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य, जिला एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित करने होंगे, जिससे उन्हें दोनों योजनाओं के प्रावधानों के बारे में जागरूक किया जा सके। आगे सं.स्व.अ./नि.भा.अ. पर सू.शि.सं. सामग्री को इं.आ.यो. के प्रचार सामग्री में शामिल करना है।

लेखापरीक्षा ने पाया कि मंत्रालय ने राज्यों प्रा.शि.वि., म.बा.वि. के प्रतिनिधियों को शामिल करके रा.यो.मं.स. का गठन किया था। आगे, ग्रामीण स्वच्छता के क्षेत्र में विशेषज्ञों का भी अधिक प्रतिनिधित्व था। तथापि, रा.ग्रा.स्वा.मि. जो योजना के कार्यान्वयन (विशेषकर मांग उत्पन्न करने में) अपने सहयोगी स्टाफ के बड़े नेटवर्क की सहायता से जैसे प्र.सा.स्वा.स. (प्रत्याशित सामाजिक स्वास्थ्य सक्रियतावादी) अपने अत्यंत निचले स्तर पर उपस्थिति के कारण महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता था, का प्रतिनिधित्व रा.यो.मं.स. ने नहीं किया था, जिससे इसकी प्रभावशीलता कम हुई।

राज्य स्तर पर भी पाँच राज्यों[1] में संबद्ध विभागों के बीच ताल-मेल सुनिश्चित नहीं किया गया, जिससे योजना का समग्र कार्यान्वयन प्रभावित हुआ। आगे सात राज्यों[2] सं.स्व.अ./नि.भा.अ. तथा इं.आ.यो. के

[1] अरूणाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, मेघालय, तमिलनाडु तथा उत्तराखंड

[2] अरूणाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, केरल, मेघालय, राजस्थान, (जालौर एवं बांसवाड़ा को छोड़कर) उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश

लिए कोई संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया था, तथा चार राज्यों[3] में सं.स्व.अ./नि.भा.अ. पर सू.शि.सं. को इं.आ.यो. की प्रचार सामग्री में शामिल नहीं किया गया था।

6.3 अन्य योजनाओं के साथ अभिसरण

योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार, इं.आ.यो. के अंतर्गत ग.रे.नी. के लोगों के लिए बनाए जाने वाले सभी घरों में शौचालय का प्रावधान अथवा इस कार्यक्रम के अन्तर्गत शौचालय के लिए प्रोत्साहन देना अपेक्षित था। म.गां.रा.ग्रा.रो.गा.यो. के कार्यक्षेत्र में स्वच्छता सुविधाओं की पहुँच का प्रावधान सितम्बर 2011 में ग्रामीण विकास मंत्रालय ने किया था, तथा मजदूरी पर ₹4500 तक की वित्तीय सहायता देने का प्रावधान जून 2012 से किया था।

योजना के दिशानिर्देशों में विभिन्न स्वच्छता सुविधाओं जैसे सामुदायिक स्वास्थ्यकर परिसर (सा.स्वा.प.) विद्यालय शौचालय, आंगनवाड़ी शौचालय तथा ठोस एवं तरल कूड़ा प्रबंधन (ठो.त.कू.प्र.) परियोजना आदि पर होने वाला अतिरिक्त व्यय राज्य/सं.क्षे. की सरकारों के संसाधनों, बारहवें/तेरहवें वित्त आयोग की अनुदानों तथा सां.स्था.क्षे.वि.यो., वि.स्था.क्षे.वि.यो. अथवा पंचायत की निधियों से पूरा किया जा सकता है।

लेखापरीक्षा ने पाया कि 2009-2010 से 2011-12 में योजना के किसी भी घटक में कोई अभिसरण नहीं था तथा वर्ष 2012-13 तथा 2013-14 में केवल इं.आ.यो तथा म.गां.रा.रो.गा.यो. के साथ व्य.घ.शौ. का कुछ

[3] अरूणाचल प्रदेश, मेघालय, राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश

अभिसरण था। वर्ष 2012-13 में 30 राज्यों/सं.क्षे. में निर्मित कुल 45.59 लाख व्य.घ.शौ. इकाइयों में से 0.31 लाख (0.67 प्रतिशत) व्य.घ.शौ. का निर्माण केवल 8 राज्यों में इं.आ.यो. तथा म.गां.रा.ग्रा.रो.गा.यो. के साथ अभिसरण के साथ हुआ था एवं 22 राज्यों/सं.क्षे. में अभिसरण की उपलब्धि शून्य बतायी गई थी। 2013-14 में उल्लेखनीय प्रगति हुई तथा 18 राज्यों में व्य.घ.शौ. के कुल 49.76 लाख निर्माण में से 6.03 लाख (12.12 प्रतिशत) व्य.घ.शौ. का निर्माण इं.आ.यो. तथा म.गां.रा.ग्रा.रो.गा.यो. के साथ अभिसरण के साथ हुआ। योजना के अन्य घटकों के अंतर्गत यथा सा.स्वा.प., विद्यालय शौचालय, आंगनवाड़ी शौचालय एवं ठो.त.कू.प्र. परियोजना का म.गां.रा.ग्रा.रो.गा.यो. अथवा अन्य निधियों की सहायता के साथ उपरोक्त रूप में कोई अभिसरण नहीं हुआ था।

लेखापरीक्षा ने पाया कि योजना घटकों के अभिसरण के अंतर्गत उपलब्धि 2012-13 तथा 2013-14 के दौरान संतोषजनक नहीं थी। (विवरण **अनुबंध 6.1** तथा **6.2** में दिया गया है)। राज्य प्रभावी रूप से अभिसरण सुनिश्चित करने में असफल रहे जैसा कि **अनुबंध 6.3** में वर्णित है।

उत्तर में, मंत्रालय ने बताया कि नि.भा.अ. का म.गां.रा.ग्रा.रो.गा.यो./ इं.आ.यो. के साथ अभिसरण सं.स्व.अ. के नि.भा.अ. में रूपान्तरण के बाद 1 अप्रैल 2012 के बाद प्रारम्भ किया गया था लेकिन उससे पूर्व सं.स्व.अ. का अन्य कार्यक्रमों के साथ अभिसरण चलन में नहीं था। तथापि, म.गां.रा.ग्रा.रो.गा.यो. के साथ अभिसरण से वांछित परिणाम

प्राप्त नहीं हुए थे और इसीलिए इसे नए स्वच्छ भारत अभियान में बन्द कर दिया गया था। मंत्रालय ने स्वीकार किया कि रा.ग्रा.स्वा.मि. के साथ अभिसरण को अभी अन्तिम रूप दिया जाना शेष था तथा एक बैठक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ आयोजित की गई थी तथा मामले को उठाया जा रहा था।

मंत्रालय का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि व्य.घ.शौ./व्य.घ.शौ. के लिए प्रोत्साहन राशि की अदायगी इं.आ.यो. घरों के निर्माण का प्रावधान सं.स्व.अ./नि.भा.अ. के सभी दिशानिर्देशों में 2007 से ही अस्तित्व में था। सा.स्वा.प. के निर्माण के संबंध में निधियों का अंशदान पंचायत के अपने संसाधनों से, राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत किसी अन्य निधि से तथा विद्यालय शौचालय के संबंध में राज्य/सं.क्षे. सरकारें अभिभावक शिक्षक संगठन तथा पंचायतें निर्धारित राशि से ऊपर अपने स्वयं के संसाधनों से अंशदान देने के लिए अप्रैल 2012 से ही स्वतंत्र हैं।

6.4 औद्योगिक समूहों की भूमिका

योजना के दिशानिर्देशों में परिकल्पित है कि औद्योगिक समूहों को औद्योगिक सामाजिक दायित्व के आवश्यक अंग के रूप में प्रोत्साहित किया जाए कि वे स्वच्छता के मामले को सू.शि.सं., मा.सं.वि. या प्रत्यक्ष लक्षित हस्तक्षेप के द्वारा उठाएं।

तथापि, यह देखा गया कि औद्योगिक समूहों तक पहुँचने का कार्य केवल मई 2013 में प्रारम्भ हुआ।

इसी प्रकार राज्य स्तर पर लेखापरीक्षा ने पाया कि औद्योगिक समूह आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र तथा मेघालय में योजना में शामिल नहीं

किए गए थे। यद्यपि औद्योगिक समूह के साथ पश्चिम बंगाल में राज्य स्तर पर गोष्ठी का आयोजन हुआ था, जिसमें नि.भा.अ. में औद्योगिक सहभागिता की व्यवस्था की गई थी किन्तु पांच नमूना जांच किए गए जिलों में न तो इन्हें नि.भा.अ. में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया था, और न ही उन्हें कोई ग्रामीण स्वच्छता का कार्य सौंपा गया था। इस प्रकार, 2009 के औद्योगिक समूह सामाजिक उत्तरदायित्व स्वैच्छिक दिशानिर्देशों की उपलब्धता के बावजूद मंत्रालय के लचर रवैये के कारण औद्योगिक समूहों को इस कार्य में शामिल नहीं किया जा सका।

6.5 गै.स.सं. की भूमिका

नि.भा.अ. के दिशानिर्देशों में सू.शि.सं. कार्यकलापों में तथा मांग उत्पन्न करने की क्षमता निर्माण, तथा स्वच्छता सुविधाओं के निर्माण एवं उपयोग में गै.स.सं. को सम्मिलित करते हुए गै.स.सं. की भूमिका को उत्प्रेरक के रूप में विचारित किया गया था। लेखापरीक्षा ने पाया कि आठ राज्यों[4] में गै.स.सं. की सेवाओं का उपयोग नहीं किया जा रहा था। आन्ध्र प्रदेश में विशाखापट्टनम एवं श्रीकाकुलम में क्रमश: 69 एवं नौ गै.स.सं. योजना के कार्यान्वयन में शामिल थे। तथापि, आदिलाबाद, चित्तूर, करीमनगर तथा खम्मम जिले में कोई गै.स.सं. शामिल नहीं था।

[4] जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मेघालय, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, तथा पश्चिम बंगाल

6.6 भारतीय रेल के साथ अभिसरण

भारतीय रेल[5] प्रतिदिन लगभग 14 मिलियन यात्रियों को यात्रा कराती है। यात्रा के दौरान यात्री प्रतिदिन लगभग 3980 मी.ट. मानव जनित कचरा उत्पन्न करते हैं जो यात्री डिब्बों से 'खुला विसर्जन' किस्म के शौचालय से प्रत्यक्ष रूप से रेल पटरियों पर पूरे देश में फैल जाता है। यह वातावरण को प्रदूषित करता है तथा स्टेशनों के साथ साथ उन क्षेत्रों में स्वास्थ्य की समस्या पैदा करता है जहॉ से रेलगाड़ी गुजरती हैं।

लोक लेखा समिति ने अपनी तिरासीवीं रिपोर्ट (2008-09) में रेलगाड़ियों में शौचालयों के स्तर को ऊँचा उठाने की आवश्यकता पर बल देते हुए अनुशंसा की थी कि भारतीय रेल को नियंत्रित-विसर्जन शौचालय प्रणाली/शून्य विसर्जन शौचालय प्रणाली को अधिकाधिक संभव रेलगाड़ियों/डिब्बों में लगाने की प्रक्रिया तेज करनी चाहिए। उत्तर में, रेलवे मंत्रालय ने बताया था कि विभिन्न डिजाइन/प्रकृति वाले वातावरण हितैषी "हरित शौचालय" का क्षेत्रीय परीक्षण किया जा रहा था तथा इन परीक्षणों के मूल्यांकन के आधार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

इस संदर्भ में मंत्रालय से पूछा गया था कि क्या इन्होंने रेलवे के साथ मिलकर कोई व्यवस्था की थी जिससे मानव-मल के असुरक्षित निस्तारण तथा रेलवे की पटरियों पर खुले शौच की आदत को हतोत्साहित किया जा सके।

[5] 2012-13 (रेलवे) की रिपोर्ट नं 21

मंत्रालय ने लेखापरीक्षा टिप्पणी को स्वीकार करते हुए कहा कि इन्होंने प्रस्ताव किया है कि रेलवे डिब्बों में डी.आर.डी.ओ. बायो डाइजेस्टर/बायो-टैंक शौचालयों को संस्थापित किया जाए तथा रेलवे मंत्रालय ने एक कार्य योजना तैयार की है जिससे रेल डिब्बों के पूरे बेड़े में 2022 तक बायो डाइजेस्टर शौचालय संस्थापित कर दिए जाएंगे।

अनुशंसा:

- **मंत्रालय को अन्य योजनाओं की पहचान करनी चाहिए जिनके आपसी समन्वय से स्वच्छता कार्यक्रम सफल हो सके।**

अध्याय-7 अनुश्रवण और मूल्यांकन

7.1 प्रस्तावना

योजना के अनुश्रवण तथा पर्यवेक्षण का राष्ट्रीय, राज्य, जिला, खंड तथा ग्राम पंचायत स्तरों पर पंच-स्तरीय ढांचा था जैसाकि नीचे दर्शाया गया है:



7.2 निधियों का उपयोग न होना

मंत्रालय म. एवं उ. अन्य प्रभारों के अंतर्गत अनुमोदित निधियों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने में विफल रहा। 2009-10 से 2013-14 की अवधि के दौरान शीर्ष के अंतर्गत दर्ज ₹ 22.40 करोड़ के व्यय के प्रति मंत्रालय म. एवं उ. के अंतर्गत आवृत गतिविधियों पर केवल ₹ 0.32 करोड़ का ही उपयोग कर सका। शेष ₹ 22.08 करोड़ की राशि का निर्मल ग्राम पुरस्कार के प्रशासन से संबंधित अन्य गतिविधियों जैसे ग्राम पचायतों के भौतिक सत्यापन हेतु एजेसिंयों को भुगतान करने की ओर विपथन कर दिया था। निधियों का कम उपयोग करने से योजना के अंतर्गत प्रत्यक्ष उपलब्धियां प्राप्त करने पर प्रभाव पड़ा जिसकी नीचे चर्चा की गई है।

मंत्रालय ने बताया कि नि.ग्रा.पु. हेतु ग्राम पंचायतों का सत्यापन करना अनुश्रवण कार्य का एक भाग था तथा इसके ऊपर खर्च की गई राशि को विपथन के रूप में नहीं समझा जा सकता।

मंत्रालय का उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि इस प्रकार के खर्चों के लिए के एक पृथक बजट शीर्ष "नि.ग्रा.प.-अन्य प्रभार" संचालित किया जा रहा था तथा "नि.ग्रा.प.-अन्य प्रभार" के अंतर्गत उपलब्ध बजट से अधिक भौतिक सत्यापन पर किया गया व्यय अन्य बजट शीर्षो जैसे 'म. एवं उ.' 'मानव संसाधन विकास' तथा 'सू.शि.सं.' को प्रभारित नेमी प्रकार का था।

7.3 समेकित प्रबंधन सूचना प्रणाली (स.प्र.सू.प्र.)

अनुश्रवण हेतु दिशानिर्देशों के अनुसार सभी परियोजना जिलों को स.प्र.सू.प्र पर माह के दौरान की गई मासिक भौतिक एवं वित्तीय प्रगति

को आगामी माह की 15 तारीख तक अपलोड करना अपेक्षित था तथा एक वार्षिक निष्पादन रिपोर्ट मंत्रालय को पत्र द्वारा प्रस्तुत की जानी थी।

लेखापरीक्षा ने पाया कि ऑनलाइन प्राप्त डाटा की विश्वसनीयता सत्यापित करने के लिए मंत्रालय में कोई प्रणाली नहीं थी। मंत्रालय वार्षिक निष्पादन रिपोर्टों के साथ मिलान करके इसकी विश्वसनीयता भी सुनिश्चित नहीं कर रहा था। परिणामत: प्रत्यक्ष प्रगति स.प्र.सू.प्र. पर बहुत अधिक सूचित की गई थी। मंत्रालय की स.प्र.सू.प्र. पर उपलब्ध आंकड़ो के विभिन्न सैटों के बीच व्यापक अंतर थे। उदाहरणार्थ जिलों द्वारा सूचित योजना घटकों की कवरेज ग्रा.पं. (फार्मेट-एफ5) द्वारा सूचित कवरेज की तुलना में बहुत अधिक थी। इसकी संक्षिप्त स्थिति निम्न तालिका-7.1 में दी गई है:

तालिका-7.1: जिला मा.प्र.रि. तथा ग्रा.पं. मा.प्र.रि में अंतर

घटक	उपलब्धि		अंतर	
	जिला मा.प्र.रि	ग्रा.पं.मा.प्र.रि	संख्या	*प्रतिशत*
ग.रे.नी. शौचालय	5,24,53,615	3,06,46,776	2,18,06,839	71.15
ग.रे.उ. शौचालय	4,49,55,539	2,46,80,794	2,02,74,745	82.14
विद्यालय शौचालय	1345,196	5,31,373	8,13,823	153.15
आंगनवाड़ी	4,72,827	2,55,993	2,16,834	84.70
स्वच्छता परिसर	27,901	10,176	17,725	174.18

[स्रोत: पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय]

उसी तरह, रिपोर्ट जैसे जनगणना 2011, मंत्रालय का आधार रेखा सर्वेक्षण (वर्ष 2012-13) तथा रा.न.स.का. रिपोर्ट की तुलना में मंत्रालय के स.प्र.सू.प्र. में प्रत्यक्ष प्रगति के आंकड़ों के विभिन्न सैटों की तुलना में भिन्नताएं थी जैसाकि नीचे तालिका 7.2 मे दर्शाया गया है:

तालिका 7.2 प्रत्यक्ष प्रगति के आंकड़ों में भिन्नताएं

वर्ष	शौचालयों तक पहुँच	
2011	जनगणना 2011-32.70 %	स.प्र.सू.प्र.-62.26% (व्य.घ.शौ.)
2012-13	आधार रेखा सर्वेक्षण- 40.35 %	स.प्र.सू.प्र.-72.88% (व्य.घ.शौ.)
2012-13	आर.रे.स. व्य.घ.शौ. 6.91 करोड़	स.प्र.सू.प्. व्य.घ.शौ- 9.16 करोड़
2013	रा.न.स.का-40.60 %	स.प्र.सू.प्र.-72.88% (व्य.घ.शौ.)

[स्रोत: जनगणना 2011, रा.न.स.का. रिपोर्ट तथा पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय]

इसके अतिरिक्त आंकड़ों में वास्तविक भिन्नताएं अधिक हो सकती हैं क्योंकि जनगणना 2011, आधार रेखा सर्वेक्षण, रा.न.स.का. द्वारा सूचित स्वच्छजल कवरेज के आंकड़ों में वे परिवार जिनकी किसी प्रकार के शौचालयों में पहुँच थी और ऐसे परिवार जहाँ शौचालयों का योजना में हस्तक्षेप किए बिना निर्माण किया गया था भी सम्मिलित किए गए थे लेकिन मंत्रालय के स.प्र.सू.प्र के आंकड़ों में योजना के अंतर्गत निर्मित व्य.घ.शौ. की प्रगति ही दर्शायी जा रही थी।

मंत्रालय गलत तथा अधिक बताने वाले इस तथ्य से अवगत था तथा इसका जुलाई 2014 में परिचालित व्य.वि.सं.[1] के ड्राफ्ट ज्ञापन में भी विशेष उल्लेख किया गया था। लेकिन अंतर के मिलान हेतु कभी कोई प्रयास नहीं किया गया।

क्षेत्रीय लेखापरीक्षा में पाया गया था कि विभिन्न राज्य[2] भी क्षेत्रीय आंकड़ों को आवधिक रूप से अभिपुष्ट करने में विफल रहे तथा

[1] व्यय वित्त समिति

[2] आन्ध्र प्रदेश (तेलंगाना सहित), अरूणाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल

स.प्र.सू.प्र. आंकड़ों की विश्वसनीयता को मासिक प्रगति रिपोर्टों (भा.प्र.रि.) के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों से मिलान सुनिश्चित नहीं किया गया था।

व्य.घ.शौ. (ग.रे.नी./ग.रे.उ.) तथा सांस्थानिक शौचालयों के संबंध में लक्ष्य तथा उपलब्धियों के मंत्रालय के पास उपलब्ध आंकड़ों तथा कुछ राज्यों[3] में क्षेत्रीय लेखापरीक्षा के दौरान पाए गए वास्तविक आंकड़ों में अंतर **अनुबंध 7.1** में दिए गए हैं।

मंत्रालय ने बताया कि सू.प्र.सू.प्र. पर आंकड़े राज्य सरकार द्वारा उचित सत्यापन तथा प्रमाणन करने के पश्चात ही अपलोड किए गए थे। मंत्रालय ने यह भी बताया कि डाटा का मिलान परियोजना निरीक्षणों के दौरान किया जा रहा था। तथापि आंकड़ों की सच्चाई सुनिश्चित करने के लिए उनके मिलान करने से संबंधित कोई प्रलेख रिकार्ड में नहीं पाए गए थे।

सं.स्व.अ./नि.भा.अ. के वर्तमान डिजाईन में ग्रामीण आबादी में वृध्दि या कमी अथवा पुराने शौचालयों या अब प्रयोग में न आने वाले या समाप्त शौचालयों सहित पूर्व स्थिति में लौट गए परिवारों की संभाव्यता का पता लगाने के लिए कोई तंत्रविधि नहीं है।

विभिन्न घटकों के अंतर्गत शौचालयों के निर्माण, उनके उपयोग तथा पूर्व स्थिति में लौट जाने के आंकड़े प्राप्त करना गंभीर मुद्दे हैं। स.प्र.सू.प्र. (समेकित प्रबंधन सूचना प्रणाली) से प्राप्त आंकड़े गंभीर डाटा सत्यनिष्ठा समस्याओं से ग्रस्त हैं। डाटा की मजबूत सटीकता सुनिश्चित करने के

[3] अरूणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, मणिपुर, ओडिशा, पंजाब तथा त्रिपुरा।

लिए विभिन्न स्तरों पर डाटा का सत्यापन, बहु स्तरीय जांच करना तथा मंत्रालय द्वारा निरन्तर अनुश्रवण करना अपेक्षित था जोकि नदारद था।

7.4 राज्य स्तर पर मूल्यांकन अध्ययन

योजना दिशानिर्देशों में राज्य/सं.शा.क्षे. सं.स्व.अ. के कार्यान्वयन पर आवधिक मूल्यांकन अध्ययन करना प्रदत्त करेंगे। राज्यों/सं.शा.क्षे. द्वारा इन मूल्याकन अध्ययनों में किए तथा भारत सरकार द्वारा अथवा उसकी ओर से किए गए समवर्त्ती मूल्यांकन में की गई अभियुक्तियों के आधार पर उपचारी कार्रवाई की जानी चाहिए।

यह पाया गया था कि योजना के कार्यान्वयन पर 17 राज्यों[4] ने कोई मूल्यांकन अध्ययन नहीं किया था।

तथापि, बिहार, कर्नाटक तथा केरल में मूल्यांकन अध्ययन स्वंतत्र एजेंसियों द्वारा किए गए थे।

7.5 राज्य स्तर पर अनुसंघान अध्ययन

योजना दिशानिर्देशों में निर्धारित है कि अनुसंधान संस्थानों, संगठनों तथा प्रमाणित पूर्व रिकॉर्ड सहित गै.स.सं. को ग्रामीण क्षेत्रों में मानव मलमूत्र अपशिष्ट निपटान प्रणाली की वर्तमान तकनीक का अध्ययन भी शामिल करना चाहिए। अनुसंधान/अध्ययन के परिणाम से तकनीक को सुधारना इसको अधिक समर्थ बनाना तथा विभिन्न भू-हाइड्रोलोजिक्ल स्थितियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्यावरणीय सुरक्षित बनाना चाहिए।

[4] आन्ध्र प्रदेश (तेलंगाना सहित) गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, त्रिपुरा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड तथा पश्चिम बंगाल।

यह पाया गया था कि 10 राज्य[5] ने अनुसंधान अध्ययन करने के लिए किसी एजेंसी को कार्य नहीं सौपा था। महाराष्ट्र में दो गड़ढा शौचालयों के डिजाइन पर अनुसंधान के अतिरिक्त अनुसंधान अध्ययन नहीं किए गए थे।

7.6 समवर्ती अनुश्रवण तथा मूल्यांकन

योजना-दिशानिर्देशों के अनुसार राज्य (राज्यों) में सं.स्व.अ./नि.भा.अ. परियोजनाओं के एक ग्रुप के प्रगति पुनरीक्षा/अध्ययन के कार्यान्वयन की जिम्मेवारी भारत सरकार द्वारा ली जा सकती है। अधिकारियों/व्यावसायिकों की एक बहु-एजेंसी टीम विशेष संदर्भ सहित पुनरीक्षा करने के लिए गठित की जाएगी। इस प्रकार की पुनरीक्षाएं, उनमें की गई अभ्युक्तियों के आधार पर समय पर उपचारी कार्रवाई करने में सहायक सिद्ध होती।

मंत्रालय ने कोई समवर्ती मूल्यांकन या कार्यान्वयन प्रगति समीक्षा नहीं की थी। यह बताया गया था कि राष्ट्रीय स्तर पर समवर्ती मूल्यांकन अध्ययन करने की प्रक्रिया अंतिम रूप दिया जा रहा था। यह भी सूचित किया गया था कि राज्य में नि.भा.अ. परियोजनाओं के समूह के लिए कार्यान्वयन प्रगति पुनरीक्षा/अध्ययन राष्ट्रीय स्तर मॉनीटरों द्वारा किया गया था। एक जिले की पुनरीक्षा करने के लिए एक एजेंसी को कार्य दिये जाने के अतिरिक्त इस उद्देश्य हेतु बहु एजेंसी टीमों का गठन नही किया गया था।

[5] आन्ध्र प्रदेश (तेलंगाना सहित), गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, झारखंड, मणिपुर, मेघालय, पंजाब, उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल।

7.7 राष्ट्रीय पुनरीक्षण मिशन

योजना के दिशानिर्देशों में राष्ट्रीय स्तर पर पुनरीक्षा मिशन का प्रावधान है जिन्हे राज्यों में कार्यान्वयन की गुणवत्ता का पता लगाने के लिए आवधिक रूप से भेजा जा सकता है। यह सूचित किया गया था कि मंत्रालय में स्टाफ की कमी के कारण राज्यों हेतु इस प्रकार के मिशानों में तैनाती करना संभव नहीं था, इसके बजाए वे इस कार्य को करने के लिए क्षेत्रीय अधिकारियों की तैनाती कर रहे थे। तथापि, 2009-10 से 2013-14 तक की अवधि के दौरान कोई क्षेत्रीय अधिकारी नियुक्त नहीं किए गए थे तथा ऐसी प्रथम नियुक्ति केवल फरवरी 2014 में ही की गई थी। इस प्रकार, यह योजना मंत्रालय के प्रत्यक्ष अनुश्रवण के बिना ही प्रक्रामी रूप से जारी रही।

इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने कार्य की देखरेख करने के लिए रिक्त पदों के प्रति सेवानिवृत्त अधिकारियों को नियुक्त किया तथा इस प्रकार, मंत्रालय में स्टाफ की कोई कमी नहीं थी।

7.8 राष्ट्रीय स्तर अनुश्रवण (रा.स्त.अ.)

ग्रामीण विकास मंत्रालय[6] ने, अपने कार्यक्रमों के स्वतंत्र अनुश्रवण की महत्ता को ध्यान में रखते हुए, जनलाभ हेतु स्वैच्छिक सेवाएं प्रदान करने के इच्छुक सम भाव वाले वरिष्ठ स्तर के सेवानिवृत्त सिविल/रक्षा सेवा अधिकारियों तथा अकादमी को शामिल करके राष्ट्रीय स्तर अनुश्रवण की एक व्यापक प्रणाली तैयार की।

---

[6] पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय 12 जुलाई 2011 तक ग्रामीण विकास मंत्रालय का एक भाग था तथा इसे 13 जुलाई 2011 से एक पृथक मंत्रालय बनाया गया था, तथापि, वह आज तक रा.स्त.मॉ. की सेवाओं का उपयोग कर रहा था।

रा.स्त.मां. से एक तिमाही में लगभग 150 जिलों का दौरा करना अपेक्षित था जिससे एक वर्ष में देश के सभी जिले आवृत हो जाएं।

विशेष अनुश्रवण दौरे, जो कि वर्ष के आरंभ में नियोजित किए जाने थे एक कार्यक्रम के गहन आच्छादन अथवा एक कार्यक्रम की निश्चित विशिष्ट विशेष मदों हेतु प्रत्येक वर्ष संचालित किए जाने अपेक्षित थे।

रा.स्त.मॉ द्वारा 2009-10 से 2013-14 के दौरान किए गए योजना के अनुश्रवण की स्थिति निम्न तालिका-7.3 में दी गई है:

तालिका-7.3: रा.स्त.मॉ. द्वारा जिलों का आच्छादन

वर्ष	आवृत किए जाने वाले जिलों की सं.	वास्तव में आवृत किए गए जिलों की सं.	कमी की प्रतिशतता
नियमित अनुश्रवण			
2009-10	590	शून्य	100
2010-11	607	478	21
2011-12	607	शून्य	100
2012-13	607	583	4
2013-14	607	584	4
विशेष अनुश्रवण			
2009-10 से 2012-13	नहीं किया		
2013-14	उ.न.	57	उ.न.

[स्रोत: पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय]

इस प्रकार, रा.स्त.अ. 2009-10 तथा 2011-12 में कार्यक्रम का अनुश्रवण नहीं कर सका तथा अन्य वर्षों में यह कमी 4 से 21 प्रतिशत के बीच थी। उसी तरह, 2009-10 से 2012-13 के दौरान कोई विशेष अनुश्रवण नहीं किया गया था।

रा.स्त.अ. प्रणाली की प्रभाविकता महत्वपूर्ण रूप से मंत्रालय तथा संबंधित राज्यों/जिलों द्वारा उत्साह से की गई अनुवर्ती कार्रवाई पर निर्भर थी।

चूंकि राज्य, कार्यक्रम की मुख्य कार्यान्वयन एजेंसियां थीं, इन दलों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों को उपचारी कार्रवाई हेतु राज्य सरकारों को अग्रेषित किया गया था तथा जिला स्तर पर कार्रवाई हेतु जिला प्रशासन को भी भेजा गया था। मंत्रालय के पास तदनुरूपी प्राधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की कोई सूचना नहीं थी।

7.9 अन्य स्तरों पर अनुश्रवण

7.9.1 निरीक्षण

